# उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड, देहरादून

लेन नं० 3, भवन संख्या–23, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून।

**E-mail**:ukmssbdun@gmail.com,**Website**: www.ukmssb.org, **Phone**: 0135- 2665366

पत्र संख्याः उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 15 / 2024–25 / 71 दिनांकः 19 जनवरी, 2026

## –ःपरीक्षा परिणामः–

## चिकित्सा शिक्षा उत्तराखण्ड विभागान्तर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेज में फार्मासिस्ट (भेषज) के रिक्त पदों का अंतिम परीक्षा परिणाम के सम्बन्ध में

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 15 / 2024–25 / 749, दिनांक 19 अक्टूबर 2024 के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा उत्तराखण्ड विभागान्तर्गत राजकीय मेडिकज कॉलेज में फार्मासिस्ट (भेषज) के रिक्त 73 पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। प्रकाशित विज्ञापन के सापेक्ष चयन बोर्ड कार्यालय द्वारा पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 15 / 2024–25 / 65, दिनांक 17 जनवरी 2026 द्वारा रिक्त 65 पदों का अंतिम परीक्षा परिणाम जारी किया गया।

बोर्ड कार्यालय द्वारा जारी किये गये परीक्षा परिणाम का पुनः अवलोकन किया गया तथा यह संज्ञान में आया है कि अंतिम परीक्षा परिणाम के क्रम संख्या– **57** पर चयनित अभ्यर्थी **Mrs. Vandana Bhatt** पुत्री **Sohan Prasad Pant** अनुक्रमांक **9250601209** द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में राज्य आन्दोलनकारी आश्रित प्रमाण पत्र संख्या 491 अंकित किया गया है, परन्तु अभिलेख सत्यापन दिवस में राज्य आन्दोलनकारी आश्रित प्रमाण पत्र (संख्या 276 दिनांक **06 जून 2025**) प्रस्तुत किया गया है, जो कि ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **15 जनवरी 2025** के उपरान्त का निर्गत किया गया है।

प्रश्नगत पद हेतु जारी विज्ञापन के नियम 23–ए में उल्लिखित है है कि '' अभ्यर्थी द्वारा वैध आरक्षण विषयक प्रमाण पत्र ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि तक अवश्य धारित करना चाहिए।'' तथा नियम 23–बी में उल्लेख किया गया है कि ''अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि तक विज्ञापन में वर्णित अनिवार्य शैक्षिक, जाति प्रमाण पत्र, क्षैतिज आरक्षण विषयक प्रमाण पत्र एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करता हो। अभ्यर्थी की शैक्षिक अर्हता के सम्बन्ध में, वह तिथि मानी जाएगी जो अंक–पत्र निर्गत होने की तिथि (Marksheet Issuing Date) हो। विज्ञापन के अनुसार वांछित अर्हताओं की पुष्टि न होने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी पूर्णतया अभ्यर्थी की होगी।'' चूंकि अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक स्वय से सम्बन्धित उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी या उनके आश्रित प्रमाण पत्र धारित नहीं करते है तथा प्रस्तुत दस्तावेज ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के उपरान्त का है जो की नियमानुसार स्वीकार्य नहीं है। अतः अंतिम परीक्षा परिणाम के क्रम संख्या– **57** पर चयनित अभ्यर्थी **Mrs. Vandana Bhatt** पुत्री **Sohan Prasad Pant** अनुक्रमांक **9250601209** का प्रश्नगत पद पर चयन स्थगित रखा जाता है।

अभ्यर्थी उक्त के सम्बन्ध में कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत करना चाहती है तो वह दिनांक 22 जनवरी 2026 सांय 05.00 बजे तक डाक / ई–मेल / स्वयं उपस्थित होकर प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकती है। यदि अभ्यर्थी उक्त तिथि तक कोई प्रत्योवदन प्रस्तुत नहीं करती है तो उनका चयन निरस्त कर समान श्रेणी–उपश्रेणी की प्रवीणता सूची में उपलब्ध अभ्यर्थी के नाम को चयनित कर संस्तुति किया जायेगा तथा इसके उपरान्त अभ्यर्थी का उक्त पद हेतु कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

ह0 / –<br>
(प्रदीप जोशी),<br>
सचिव,